हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

06 मृतक के पुत्र के द्वारा ही की गई थी पिता पर हमला...



09 मंडी में 21 हजार बोरी मक्के की आवक मक्का के दामों में ...





## समाचार संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ गुना पर महिला मंडलों की हुई बैठक



**गुना।** गायत्री परिवार गुना महिला मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उमा शर्मा बहन जी के मंडल से 10 महिला सदस्य उपस्थित रहे और गीता योगी के महिला मंडल से 11 महिला सदस्य ओर लीला रजक बहन जी के महिला मंडल से 6 और कमला सिकरवार बहन जी के मंडल से 8 सदस्य शामिल हुए जिसमें शान्तिकुंज हरिद्वार से कलश यात्रा जो 23 से 25 नम्बर को आ रही है । उसके संदर्भ कार्य योजना बनाई गई जिसमें इस कलश रथ का पूजन ओर यज्ञ ओर दीप यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। आज गायत्री शक्ति पीठ गुना पर बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें लगभग सभी महिला मंडल 45 सदस्य उपस्थित रही है ।

### आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** प्रबंधक शहर मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि 33/11 केव्ही कोल्हुपुरा फीडर पर मेंटनेस कार्य होने से दिनांक 20 नवम्बर को सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक शांति पब्लिक स्कूल, सिसौदिया कोलानी, दुर्गा कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, अन्नपूर्णा कॉलोनी, कर्नलगंज, हेड पोस्ट ऑफिस त्रिमूर्ति कॉलोनी एवं कोल्हूपुरा आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटोती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाय़ा जा सकता हैं।

### बीएलओ कमल किशन बघेल ने किया एसआईआर-2026 में शत प्रतिशत कार्य



**गुना ।** विधानसभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 125 सागर के बीएलओ कमल किशन बघेल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR-2026) में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बीएलओ एप पर सभी प्रपत्रों को शत प्रतिशत सबमिट कर कार्य पूर्ण कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ वे गुना जिले के प्रथम बीएलओ बने हैं जिन्होंने अपना समस्त कार्य सर्वप्रथम और शत-प्रतिशत पूरा कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर किशोर कन्याल एडीएम अखिलेश जैन तथा एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी ने श्री बघेल को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन शिविर का आयोजन 20 एवं 21 को

**गुना।** जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय ने बताया कि पेंशन कार्यालय द्वारा जिन प्रकरणों पर आपत्ति दर्ज की गई है, उन्हें नियमानुसार पूर्ति उपरांत निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है, तथा सेवानिवृत्ति के 06 माह पूर्व प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का प्रावधान है।जिला पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण त्वरित निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार एवं शुक्रवार को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस बार यह शिविर दिनांक 20 एवं 21 नवम्बर 2025 को आयेजित किया जा रहा हैं।

जिसमें समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियो से संबंधित पेंशन प्रकरणों को ऑनलाईन तैयार कर आवश्यक अभिलेख के साथ नियमानुसार निराकरण के लिये शिविर में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियो/कर्मचारियों से अपील की है कि वह स्वयं के द्वारा ऑनलाईन पेंशन फार्म समय पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रस्तुत करें, जिससे कार्यालय प्रमुख प्रकरण को जिला पेंशन कार्यालय गुना में अविलंब निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत कर सके।

# लीकेज का पता लगाने वाली फायर बाइक पहुंची कलेक्टर के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की शहरी गैस वितरण परियोजना के अंतर्गत संचालित फायर बाइक का कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कलेक्ट्रेट परिसर में अवलोकन किया। यह फायर बाइक शहर में पीएनजी नेटवर्क, सीएनजी स्टेशन एवं शहरी गैस वितरण प्रणाली से जुड़े संसाधनों की सुरक्षा के उद्देश्य से तैनात है।अवलोकन के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने फायर बाइक की कार्यप्रणाली, उपकरणों एवं आपात स्थितियों में उपयोग की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रबंध पूर्ण रखने के निर्देश भी दिए। IOCL अधिकारियों ने बताया कि फायर बाइक में 40 लीटर पानी की क्षमता है, जिसे बाहरी पाइप से जोड़कर निरंतर जल आपूर्ति की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, बाइक में दो डीसीपी (DCP) पाउडर सिलिंडर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग किसी भी प्रकार की आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण हेतु किया जा सकता है। फायर बाइक में प्राकृतिक गैस से संबंधित संभावित लीकेज का पता लगाने वाले आधुनिक उपरकण भी उपलब्ध हैं।यह फायर बाइक गुना जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु IOCL सिटी गेट स्टेशन, सिंगवासा पर 24 घंटे तैनात रहती है। बाइक में अलार्म सिस्टम एवं सार्वजनिक संबोधन (पब्लिक एड्रेस) प्रणाली की भी सुविधा उपलब्ध है।अवलोकन के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन,जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय, वरिष्ठ प्रबंधक IOCL अतुल गुप्ता सहित इंडियन ऑयल कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची SIR-2026 की प्रगति पर हुई समीक्षा गुना कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हुए शामिल

गुना। भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव विनोद कुमार ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे।गुना जिले में बैठक में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय तथा इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोग द्वारा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर जिलों के कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी गई। वहीं, गुना जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एक बीएलओ को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित की एकता पदयात्रा

# यह पदयात्रा राष्ट्रीय चेतना को जगाने के लिए अभियान है : प्रभारीमंत्री






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सेवा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 19 नवम्बर 2025 को जिले में 'एकता पदयात्रा' का आयोजन किया गया।

आयोजित पदयात्रा में प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाला अभियान है इस मोंके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ,गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव ,जगदीश मीणा, नीरज निगम ,संजय देशमुख ,राधेश्याम पारीक, महेन्द्रसिंह किरार ,रविंद्र टिल्लू ,अशोक जमरा ,धर्म सोनी के अलावा कलेक्टर किशोर कुमार और एसपी अंकित सोनी विशेष रूप से मौजूद है।हाट रोड स्थित पशुपालन विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां प्रभारी मंत्री ने उपस्थित नागरिकों को एकता और नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। इसके पूर्व पत्रकार वार्ता का आयोजन पशुपालन विभाग में ही किया गया। पश्चातपदयात्रा पशु चिकित्सा विभाग रोड से पदयात्रा प्राम्भ होकर सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, शास्त्री पार्क, जयस्तम्भ चौराहे से हनुमान चौराहे होते हुए पहुंची यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के अलावा स्कूली बच्चों ने भी शिरकत की मार्ग में अनेक स्थानों पर पद यात्रियों का उत्साहवर्धन करने के लिए नागरिक कौन है स्टार लगाए थे सुगंन चौराहे पर गीत संगीत का आयोजन हुआ एवं समाज सेबी भजन सेठ के द्वारा लक्ष्मीगंज में होटल संगीता पर भी स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन को लेकर गत दिवस कलेक्टर कन्याल ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था सहित स्वागत स्थल की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की थी। बैठक मे भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुष विभाग द्वारा किया गया आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर, फार्मेसी एजेंसियों एवं औषधि विक्रेताओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

औषधि नियंत्रक एवं संचालनालय आयुष भोपाल से जारी निर्देश द्वारा डाबर इन्डिया लि.22 साइट iv साहिबाबाद (उ.प्र.)-201010 की औषधि कफकुठार रस बैच नम्बर SB00066 निर्माण तिथि 04/2025 अवसान तिथि 03/2030 एवं लक्ष्मी विलास रस(नारदीय) बैच नम्बर SB00665 निर्माण तिथि 02/2023 अवसान तिथि 01/2028 तथा धनवतरी हर्बल्ला विलेज किषनपुरा पीओ गुरूमाजरा 174101 तहसील बदी जिला सोलन (एच.पी.) की औषधि प्रवाल पिष्टी बैच नम्बर PPMB-077 निर्माण तिथि 06/2024 अवसान तिथि 05/2034 एवं मुक्ता शुक्ति बैच नम्बर MSBD059 निर्माण तिथि 07/2025 अवसान तिथि 06/2035 इन औषधियों के सेंम्पल शासकीय औषधी परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर द्वारा किये परीक्षण परिणाम Drugs and Cosmetics ACT.1940 Rules 1945 की धारा 33EE के तहत अमानक पाये जाने से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में तत्काल प्रभाव से क्रय/विक्रय पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। जिसके संबंध में जिला आयुष अधिकारी सह पदेन ड्रग इंस्पेक्टर (आयुष) डॉ. कुलदीप सिंह गनावे द्वारा शहर के आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर, फार्मेसी ऐजेंसियों एवं औषधी विक्रेताओं का निरीक्षण कर अमानक औषधियों के विक्रय को पूर्ण रूप से रोकने के निर्देश दिये हैं। इसके पश्चात यदि कोई औषधि विक्रेता इन दवाओं का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। लक्ष्मी विलास रस(नारदीय) एवं कफकुठार रस औषधियों का उपयोग सामान्य सर्दी जुकाम, खांसी, बुखार आदि में प्रवाल पिष्टी एवं मुक्ता शुक्ति का उपयोग एसिडिटि, उदर रोग, श्वांस रोग आदि में किया जाता है। इस हेतु जन सामान्य से अपील की जाती है, कि उक्त औषधियों का उपयोग न करें एवं आयुर्वेद चिकित्सक उक्त औषधियों के उपयोग की सलाह न दें ।



# स्कूटी सवार युवतियों ने मारी चाय वाले को टक्कर, घायल पहुंचा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के हनुमान चौराहे के समीप स्कूटी सवार तीन युवतियों ने एक अधेड़ को टक्कर मारकर घायल कर दिया ।बताया गया है कि जब चाय की गुमटी संचालक चाय बेचकर लौट रहा था तभी यह हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय रामू चौरसिया हनुमान चौराहे के समीप अपनी चाय की गुमटी चलाता है ।बुधवार दोपहर जब वह आसपास की दुकानों पर चाय बेचकर वापस अपनी गुमटी पर लौट रहा था तभी स्कूटी क्रमांक एमपी 08 जेड जे 0613पर सवार होकर तीन युवतियां पीजी कॉलेज के तरफ से हनुमान चौराहे की तरफ आ रही थी तभी वहां पर खड़ी एक बस को क्रॉस करते वक्त सामने से आ उसे टक्कर मार दी । इस घटना में संचालक बुरी तरह से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा तभी मौके का फायदा उठाकर युवतियां मौके से भाग निकली। बताया गया है की घटना में घायल का मोबाइल भी गुम हो गया। तत्पश्चात मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां वर्तमान में वह उपचार रत है । लेकिन किसी विशेषज्ञ चिकित्सक ने घायल को नही देखा। बताया गया है कि उसके एक हाथ और पैर में फैक्चर हो गया है ,यह भी बताया गया है कि परिवार में वह अकेला कमाने वाला है और इस दुर्घटना के कारण परिवार पर रोजी रोटी का संकट व्याप्त हो गया है। घटना के बाद चौरसिया नवयुवक मंडल के सदस्य भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायल के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए प्रशासन से उसके लिए हर संभव सहायता की मांग की है।पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**गुना।** बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पत्रकार कालोनी गुना में कांग्रेस कमेटी गुना के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई एवं गुना जिले के युवा कांग्रेस के निर्वाचन जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री का, सम्मान कर पद भार ग्रहण कराया गया । पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गुना एवं कांग्रेस जनों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई ।उनके जीवन पर प्रकाश डाला,एवं प्रधानमंत्री काल में किये गये कार्यो की प्रशंसा की गई । बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, नूर हसीन नूर, मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय ने विचार व्यक्त किये ।

## नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत राघौगढ़ परियोजना के ग्रामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग से डॉ. नेहा बक्शी द्वारा राघौगढ़ परियोजना में दौराना–1 और कोलूआ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस विजिट के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों ने शाला-पूर्व शिक्षा और मिशन नीव की गतिविधियां प्रस्तुत की। डॉ. नेहा ने बच्चों के माता–पिता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भेट कर जिले में शाला पूर्व शिक्षा, पोषण की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई, साथ ही उन्होंने पोषण वाटिका और मिड–डे मिल किचन में भोजन की व्यवस्था देखी और बच्चों के सर्वांगीण विकास में आने वाली जमीनी सुधारों पर महत्वपूर्ण चर्चा की एवं गुना जिले मे शाला पूर्व शिक्षा के नवाचारों की सराहना की। भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार, परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक श्रीमति प्रीति मौर्य, रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्वयक ऋषभ रघुवंशी एवं अनुराग शर्मा उपस्थित थे।



### अडानी की फैक्ट्री के लिए पुनर्वास किए बिना बेदखली नोटिस से मचा हडकंप

# दशकों से जमा हजारों मजदूरों की रोजी रोटी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला मुख्यालय से लगे मावन के करैया क्षेत्र में दशकों से ईंट भट्टा लगाकर अपनी रोज़ी-रोटी चलाने वाले कुम्हार-प्रजापति समाज के परिवार इन दिनों गहरी चिंता और असुरक्षा में हैं। प्रशासन की ओर से हाल ही में जारी बेदखली नोटिस ने इन गरीब परिवारों की नींद उड़ा दी है। जिस भूमि पर वर्षों से उनकी मेहनत की गूंज सुनाई देती रही, अब वही जमीन अडानी गुरप की प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री के लिए आवंटित कर दी गई है, और ईंट भट्टे चलाने वाले परिवारों को वहां से हटने का आदेश दे दिया गया है।

समाज के मनोज प्रजापति बताते हुए भावुक हो उठे कि शासन ने उन्हें पहले इसी क्षेत्र में ईंट निर्माण के लिए करीब दो हेक्टेयर जमीन दी थी। आधा सैकड़ा परिवार दिन-रात मेहनत कर ईंट बनाते हैं और लगभग तीन हजार मजदूरों का पेट इसी काम से भरता है। लेकिन अब अचानक उन्हें अतिक्रमणकारी बताया जा रहा है। अगर हमें यहां से बिना दूसरी जमीन दिए हटा दिया गया, तो सैकड़ों परिवार सडक़ पर आ जाएंगे। हमारे बच्चों का भविष्य क्या होगा? भट्टा संचालकों का कहना है कि पिछले पाँच-छह महीनों में कई बार नोटिस मिले, पर हर बार प्रशासन ने आश्वासन दिया कि यदि जमीन खाली कराई गई तो उसके बदले दूसरी जगह — करीब 40 बीघा दी जाएगी, ताकि वे अपना काम जारी रख सकें। लेकिन आज तक उन्हें कागज पर एक इंच जमीन भी नहीं दी गई। परिवारों का कहना है कि वे प्रशासन का विरोध नहीं कर रहे, बस इतना चाहते हैं कि उन्हें बिना वैकल्पिक जगह दिए उजाड़ा न जाए।तहसीलदार द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट लिखा है कि सर्वे नंबर 679/1/6/1 की करीब 5 हेक्टेयर भूमि अडानी सीमेंट प्लांट के लिए आवंटित है और ईंट भट्टा लगाना भू-राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत दंडनीय है। परिवारों को 18 नवंबर तक जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है, अन्यथा बेदखली की कार्रवाई होगी। ईंट भट्टा संचालकों और मजदूरों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जब तक दूसरी जगह आवंटित न हो, बेदखली न की जाए, क्योंकि यह मुद्दा सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि हजारों लोगों के जीवन, परिवारों की सुरक्षा और आने वाली पीढ़य़ों के भविष्य का है। वे कहते हैं— अडानी की फैक्ट्री बने, हमें कोई आपत्ति नहीं लेकिन हमारी दुनिया उजाडक़र नहीं।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा मंडल आरोन के अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**आरोन।** भाजपा मंडल आरोन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मुनेश जैन का जन्मदिन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालों का सिलसिला लगातार फेसबुक, व्हाट्सऐप और फोन कॉल के माध्यम से चलता रहा। समर्थकों, शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं दी अपने जन्मदिवस के अवसर पर मुनेश जैन ने सुबह मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की आरोन नगर में चातुर्मास कर रहे मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नगर स्थित गौशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया। कार्यकर्ताओं और उनके मिलने वाले इष्ट मित्रोंमित्रों ने उनके दीर्घायु की कामना की।

### जिला जेल गुना में हुआ सामूहिक गीता पाठ

**गुना।** जिला जेल में बुधवार को बंदियो को सामूहिक गीता पाठ कराया गया एवं सभी बैरकों में कैदियों को निशुल्क गीता उपलब्ध कराई गई ।मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में गीता पाठ एवं गीता पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की श्रृंखला में गुना जेल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में गीता के प्रमुख प्रचारक एवं अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी, विराट हिंदू उत्सव समिति के संयोजक कैलाश मंथन के मुख्य आतिथ्य में गीता पाठ, गीता वितरण हुआ एवं गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समाजसेवी कैलाश मंथन ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा श्रीमद् भगवद गीता सार्वभौम ग्रंथ है। सभी धर्म से ऊपर उठकर यह कालजयी गीता हमें जीवन जीने की राह सिखाती है। जिसने भी गीता के विचारों को ग्रहण किया, सहारा लिया वह हमेशा विजयी रहा ।गीता के विचार सभी मत संप्रदायों धर्म से ऊपर उठकर सारी मानवता के लिए समान है। देश में जब भी संकट आया सभी महापुरुषों ने श्रीमद् भगवद गीता के विचारों का सहारा लिया एवं भगवान की वाणी के अनुसार अधर्म के खिलाफ धर्म युद्ध जारी रखा।मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती के अवसर पर लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ,जो मानवता की रक्षा के लिए अति आवश्यक हैं। गीता के प्रचार से जेल में बंद कैदियों में विशेष सकारात्मक सुधार हुआ है। समाजसेवी कैलाश मंथन ने बतायाअब तक निशुल्क गीता अभियान वितरण में करीब डेढ़ लाख प्रतिया सारे भारतवर्ष में वितरित की जा चुकी हैं । इसी क्रम में अंचल में 38000 गीता की प्रतियां निशुल्क वितरित हो चुकी हैं। वहीं गुना जेल की सभी बैरकों में भी पिछले 3 साल के दौरान गीता जी का निशुल्क वितरण किया गया है, राम नाम लेखन पुस्तक ,सुंदरकांड हनुमान चालीसा का भी वितरण किया गया। सभी धर्मों का सत साहित्य उपलब्ध कराया गया। जेल अधीक्षक अतुल सिंहा ,जेलर जसवंत सिंह बाथम के निर्देशन में चलाए जा रहे बंदी सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत समाजसेवी कैलाश मंथन ने पिछले 1 वर्ष में लगातार नौ कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन कराया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी रेशम दीदी एवं रानी दीदी, बबलू महाराज की विशेष रूप से उपस्थिती रही । वक्ताओं ने श्रीमद् भगवद गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला जेल शिक्षक श्री मुकेश रावत ने किया। जेल प्रशासन के विशेष प्रयासों से कैदियों में सकारात्मक एवं समाज के प्रति सद्भावना और संवेदनशीलता का विकास हुआ है। एक दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर भी प्रतिवर्ष शासन के आदेश अनुसार जेल परिसर मेंगीता जयंती मनाई जाएगी।




### मात्र 24 घंटे के भीतर ही आरोपित किया गिरफ्तार

# मृतक के पुत्र के द्वारा ही की गई थी पिता पर हमला करके हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के राघौगढ थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत ग्राम मलियाटोडी में अंधेकत्ल के मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए महज 24 घंटे के भीतर ही अंधे कत्ल का राजफास कर प्रकरण में आरोपित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है । दिनांक 15 नवंबर 2025 को राघौगढ थाना क्षेत्र के ग्राम मलियाटोडी में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना पर राघौगढ थाना प्रभारी एवं परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय हमराह जंजाली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी व पुलिस फोर्स के तत्काल घटना स्थल ग्राम मलियाटोडी पहुंचे और लाश व घटना स्थल का बारीकी से मौका मौआयना किया एवं घटना स्थल निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए तथा घटना स्थल पर मृतक कल्याण सिंह गुर्जर के पुत्र अनिल गुर्जर ने पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया कि 15 नवंबर 2025 को सुबह उसके पिताजी कल्याण सिंह गुर्जर खेत पर फसल में खाद डालने के लिए गए थे, जिनके शाम तक घर वापस नही लौटने पर उसने अपने परिवारवालों के साथ पिताजी की तलाश की गई तो रात्रि में उनके कलार वाले खेत के पास गडार में झाडियों के बीच खाद के प्लास्टिक के कट्टे से ढके हुए उसके पिताजी पडे मिले जिनके सिर में गहरा घाव होकर खून निकल रहा था और जिनकी मृत्यु हो चुकी थी । इस घटना पर से राघौगढ थाने में मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा जांच प्रारंभ शुरु की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा उक्त घटना को चुनौती के रुप में लिया और मामले में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार राघौगढ थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय द्वारा अपनी टीम के साथ मामले की गहनता से जांच की गई । मृतक की पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने मृत्यु का कारण सिर में किसी धारदार हथियार से गहरी चोट लगने से मृत्यु होना लेख किया । जांच के दौरान मृतक के परिजनों व अन्य साक्षियों के कथन लिए गए एवं कथनों और संकलित साक्ष्यों के आधार पर मृतक की हत्या उसके ही पुत्र महेन्द्र गुर्जर के द्वारा किया जाना पाया गया । इस प्रकार प्रकरण की संपूर्ण मर्ग जांच पर से गत दिनांक 17 नवंबर 2025 को आरोपी महेन्द्र गुर्जर के विरुद्ध राघौगढ थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरी की गई एवं इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी की तलाश में पुलिस टीमों द्वारा निरंतर दबिशें दी गई । आरोपी की तलाश में पुलिस की सतर्कता, तत्परता एवं मजबूत सूचना तंत्र के परिणाम स्वरुप मात्र 24 घंटे के अंदर ही पुलिस द्वारा आज दिनांक 18 नवंबर 2025 को आरोपी महेन्द्र पुत्र स्व. कल्याण सिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम मलियाटोडी थाना राघौगढ जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मानसिक स्वास्थ्य संवाद का आयोजन कर विधार्थियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला चिकित्सालय गुना मनकक्ष टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मानसिक स्वास्थ्य संवाद का आयोजन किया गया। यह संवाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर व शासकीय माध्यमिक विद्यालय पुरापोसर में उपस्थित आमजन व छात्र छात्राओं के बीच किया गया। जिला चिकित्सालय गुना के मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरएस भाटी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं व आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टर भाटी द्वारा बताया गया कि गुस्सा चिड़चिड़ापन नींद न आना जैसे लक्षण व जन्मजात मानसिक विकृति जैसे लक्षणों की पहचान के बारे में समझाया गया। डॉक्टर भाटी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं व आमजन को बढ़ती हुई नशे की लत से दूर रहना और स्वयं नशा नहीं करते हुए घर परिवार समाज और देश में नशा मुक्ति अभियान के बारे में भी बताया गया। डॉक्टर भाटी ने बताया कि नशा छोटा या बड़ा नहीं होता। किसी भी प्रकार का नशा शुरू होने से पहले उसको न बोलने की आदत डालो। जिसे आप नशे की बीमारी से बच सकेंगे। इस मौके पर उपस्थित छात्राओं व आमजन को नशे का सेवन न करने की शपथ दिलाई। मनोरोग नर्सिंग ऑफिसर रवि सिंह यादव द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जारी टेली मानस के टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उपस्थिति को आशा कार्यकर्ता आमजन पश्चात छात्रों को मनहित अप के बारे में जानकारी देकर ऐप डाउनलोड कराया गया। संवाद में 53 आमजन व छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ सीएचओ विधि राठौर, एएनएम रामवती इमरान खान उपस्थित रहे।

## लगभग तीन माह से लापता एक नाबालिग किशोरी की दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर अपहत अथवा गुम नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रदेशभर में 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक "विशेष ऑपरेशन मुस्कान" अभियान संचालित किया जा रहा है । गुना पुलिस अधीक्षक शअंकित सोनी के द्वारा अभियान के तहत जिले में नाबालिग बालक/बालिकाओं के अपहरण अथवा गुमशुदगी के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही कर अपहत नाबालिगों की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौडा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से लगभग तीन माह से लापता एक नाबालिग किशोरी को दस्तयाब किया गया है । 22 अगस्त 2025 को एक पिता की ओर से अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के 08-09 अगस्त 2025 की रात से लापता होने की कुंभराज थाने पर सूचना दी गई थी । जिस पर से कुंभराज थाने में प्रकरण कायम कर पुलिस ने अपहत किशोरी की तलाश शुरू की और इस हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद लेकर किशोरी के संबंध में जानकारी संकलित करने के लगातार प्रयास किये गये । जिसके परिणाम स्वरूप 18 नवम्बर को किशोरी के संबंध में जानकारी मिलने पर कुंभराज थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही कर प्रकरण में लगभग तीन माह से अपहत किशोरी को दस्तयाब कर लिया है ।

## जल संचय जन भागीदारी के तहत जिला गुना को मिले 25 लाख और 40 लाख के 2 आवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जल संकट और भूजल स्तर में कमी के समाधान के लिये 'जल संचय जन भागीदारी' पहल शुरू की, 'जल संचय जन भागीदारी' (JSJB) अभियान का मुख्य उद्देश्य मिशन मोड दृष्टिकोण में तीव्र सामुदायिक कार्यवाही को बढ़ावा देकर जल संरक्षण प्रयासों को मजबूत करना है, इसके लिये जलशक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा जिलों के लिये 50 करोड की प्रोत्साहन योजना प्रस्तावित की गई, जिसमें राज्यों को 05 क्षेत्रों (जोन) में बाटा गया व जिलों को न्यूनतम 10000 जल संरचनाओं (यथा- बोरवेल रिचार्ज पिट, रुफ वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज सोफ्ट, स्मॉल चेकडेम, मेवियन स्ट्रेस्क्वर, गली प्लग, परकोलेशन तालाब, मोकपिट, तालाब, सरोवर एवं अन्य जल संरचनाये एवं जीर्णोद्धार) संबंधी निर्माण कार्यों पर कार्य किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसके तहत प्रथम शीर्ष 10 प्रदर्शन करने वाले जिलों को राशि रुपये 02 करोड की धनराशि (प्रत्येक जोन से 02), अगले शीर्ष 10 प्रदर्शन करने वाले जिलों को राशि रूपये 01 करोड की धनराशि (प्रत्येक जोन में 02), अगले शीर्ष 80 प्रदर्शन करने वाले जिलों को राजि रुपये 25 लाख की धनराशि (प्रत्येक जोन में 16) प्रोत्साहन योजना लागू की गई।जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना के मार्गदर्शन में जिले में 17814 जल संरचनाओं पर कार्य किया गया। भारत शासन द्वारा उक्त कार्यों की पुनः सत्यापन किये जाने हेतु एक जांचदल भेजा गया, जिसके द्वारा न्यूनतम 01 प्रतिशत जन संरचनाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। गुना जिला, जोन 04 के तहत आने वाले राज्यों में आठवें पायदान पर रहा तथा मध्यप्रदेश में दूसरे पायदान पर स्थान प्राप्त कर दिनांक 18.11.2025 को राजि रूपये 25 लाख की प्रोत्साहन धनराशि प्राप्त हुई। नई दिल्ली में जिला गुना की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना एवं अध्यक्ष जिला पंचायत गुना द्वारा उक्त अवार्ड को प्राप्त किया।इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में नगर पालिकाओं को भी 'जल संचय जन भागीदारी' पहल शुरू की, जिसके तहत प्रत्येक नगर पालिका को अपने क्षेष में न्यूनतम 2000 जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी निर्माण कार्यों पर कार्य किया जाना था, जिसमें गुना जिला देश में ऐसा जिला है, जिसकी नगर पालिका ने न्यूनतम लक्ष्य से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी निर्माण कार्यों पर कार्य किया व देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर राशि रूपये 40 लाख की प्रोत्साहन धनराशि प्राप्त हुई। देश में गुना जिला ऐसा जिला है, जिसके द्वारा ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में जलशक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा जिलों के लिये लागू प्रोत्साहन धनराशि प्राप्त हुई।

## गणना पत्रकों का शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन करने पर दो बीएलओ को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फार्मो का वितरण एवं संकलन कर बीएलओ एप पर ऑनलाईन डिजीटाईजेशन कार्य संपूर्ण जिले में सर्वप्रथम 100 प्रतिशत कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा 2 बीएलओ को सम्मानित किया गया।

जिले के विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केन्द्र क्रं. 54 शा.प्रा.वि. नगऊखेडी के बी.एल.ओ. हरवीर सिंह रघुवंशी तथा विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी के मतदान केन्द्र क्रं. 28 शा.प्रा.वि. अम्हेरा के बीएलओ रवि रघुवंशी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना फार्मो का वितरण एवं संकलन कर बी.एल.ओ.एप पर ऑनलाईन डिजीटाईजेशन कार्य की मॉनिटरिंग करने पर उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ सुपरवाईजर मनमोहन शर्मा शिक्षक को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि अशोकनगर जिले के विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अ.जा.) के मतदान केन्द्र क्रं. 54 शा.प्रा.वि. नगऊखेडी के बी.एल.ओ. हरवीर सिंह रघुवंशी (शिक्षक) द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में कुल मतदाताओं की संख्या-297 के समस्त मतदाताओं को गणना फार्मो का वितरण एवं संकलन कर बी.एल.ओ. एप पर ऑनलाईन डिजीटाईजेशन कार्य संपूर्ण जिले में सर्वप्रथम 100 प्रतिशत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।




### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने के लिए महाप्रबंधक ने पत्रकारों से की चर्चा

**अशोकनगर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत अशोकनगर जिले में 97 हजार 152 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाएंगे, जिसमें से अब तक 1026 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। स्मार्ट मीटर के फायदों से अवगत कराते हुए कहा कि जैसे रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं होती है, मीटर रीडर भी घर पर रीडिंग लेने नहीं आता है, ऑटोमैटिक सटीक व पारदर्शी रीडिंग होती है। उपभोक्ता रियल टाइम खपत का डाटा भी देख सकते हैं। अगले महीने कितना बिल आ सकता है, यह फॉरकास्ट भी उपाय एप के माध्यम से देख सकते हैं। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) श्री सी.के.पवार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे समाधान योजना 2025-26, ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार, अशोकनगर में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही।

500 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया

## वीरांगना उत्सव का आयोजन छात्राओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



ईसागढ़ में वीरता, सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर आधारित "वीरांगना उत्सव" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ईसागढ़ के ग्राउंड में सम्पन्न हुआ, जिसमें 500 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में वातावरण और प्रस्तुतियों को देखते हुए कई कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन की ऊर्जा को हनुमानगढ़ जैसी सांस्कृतिक और साहसिक पहचान से भी जोड़ा, जिससे पूरे कार्यक्रम में विशेष उत्साह और सकारात्मक माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य भारत प्रांत की प्रांत छात्रा प्रमुख कु. बबली शर्मा, चंदेरी एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा, जिला संयोजक अमन रघुवंशी, तथा नगर उपाध्यक्ष प्रहलाद कुशवाहा उपस्थित रहे, सभी अतिथियों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, नारी शक्ति, नेतृत्व और आत्मसम्मान पर प्रेरक विचार व्यक्त किए।

छात्रा सुरक्षा एवं प्रांत छात्रा प्रमुख बबली शर्मा ने छात्राओं को महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आजकल फर्जी पहचान, बहलावे, प्रलोभन, गलत दोस्ती और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के माध्यम से लड़कियों को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिशें की जाती हैं, जिन्हें समाज विभिन्न नामों से जानता है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, संदेश या संबंध से सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत परिवार, शिक्षकों या प्रशासन से संपर्क करें। एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा ने शासन द्वारा संचालित "मुस्कान अभियान" तथा बालिकाओं की सुरक्षा, हेल्पलाइन और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। एबीवीपी के जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सोचिए अगर रानी लक्ष्मीबाई आज इंस्टाग्राम चलातीं क्या वे दिखावे वाली रील्स बनातीं? नहीं! वे संघर्ष, नेतृत्व और प्रेरणा का संदेश देतीं। इस मौके पर जिला प्रमुख जितेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश


**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष से गूगल मीट के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से डिजिटाईजेशन की समीक्षा की गई और निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य समय सीमा पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ के माध्यम से कम-से-कम 50 फार्म प्रतिदिन भरवाये जायें। यदि किसी मतदान केंद्र पर अन्य कर्मचारी की आवश्यकता हो, उसकी ड्यूटी लगाई जाए। जिससे डिजिटाई जेशन के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही किये जाने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### आध्यात्मिक संत सुधासागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा...

# तीर्थों से आज सिर्फ सामाजिक संबंध रह गया इसे कुटुम्बी संबंध बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोनजी में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज धर्म से सामाजिक संबंध रह गया है समाजिक संबंधो में आपको ज्यादा कुछ नहीं होता। आप समाजिक कार्यों में कोई जिम्मेदारी नहीं निभाते हर व्यक्ति कहता है तीर्थ हमारे हम जैन है यह हमारे गुरु है। जब हमारे समाजिक संबंध होगा तो आप कहेंगे क्या करें मन्दिर में पानी चु रहा है तीर्थ क्षेत्र पर अतिक्रमण हो रहा है। एक तीर्थ क्षेत्र लूट रहा है एक तीर्थ क्षेत्र पर संकट आ रहा है तो हमे समाज की तरह नहीं कुटुम्ब की तरह मिलकर साथ देना चाहिए तव कहीं तीर्थ क्षेत्र सुरक्षित हो सकेंगे। इस कलि काल में एकता में ही वल है।

**जिसका जन्म हुआ है उसे जाना तो पड़ेगा ये बीमारी नहीं है** उन्होंने कहा कि मनुष्य पर्याय भी धोखा दे सकती है ये पर्याय भी मिटेगी इसलिए ये दुर्लभ मानव जन्म मिला है तो कुछ ऐसा करो कि ये जन्म मरण का चक्कर ही समाप्त हो जाये ये पर्याय भी तो मिटाना ही है जो उत्पन्न हुआ वह जायेगा। जिस जिस का जन्म हुआ है तो वह एक दिन मरेगा। मरण कोई बीमारी नहीं है न कोई बीमारी से मरता यह तो आपकी पर्याय की पूर्णता का संकेत है। इस बात को तो आप भी जानते हैं कि मृत्यु तो निश्चित है इसलिए भगवान पर्यायो को अपने ज्ञान का विषय बनाते ही नहीं हैं।

**जहां आंख उठायें वह सब मेरे हो जाए ये सब चाहते हैं** उन्होंने कहा कि जहां आंख उठायें सब मेरी जमीन हो जहां में देखूं सब कुछ मेरा हो ऐसा हो सकता है ऐसा भी हो सकता है। आप मित्र बनना चाहते हैं संसार में जितने जीव है वे सारे मेरे मित्र हैं सारा संसार मेरा है सारे दुनिया से रिलेशन सिप बनाये सारा संसार मेरा दोस्त है सारा संसार अपना है सारा संसार मेरा कुटुम्ब है राग को गाड़ा करो जितना बड़ा सको बढ़ाओ। अपने कुटुम्ब से परिवार से सबसे ज्यादा राग होता है जैसे अपने कुटुम्ब में दुख को देखकर आंख में आसू आ जाता है ऐसे ही संसार में किसी को भी दुःख आ जायें तो आपकी आंख में आसू आ जाए।

**हुकम काका को तीर्थ सेनानी सम्मान से सम्मानित किया** इसके पहले तीर्थ क्षेत्र के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज भारत वर्ष की बीस कमेटी तीर्थ सम्मेलन में भाग ले रही है हम सब का सौभाग्य है हमें परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का सतत मार्ग दर्शन मिल रहा है। इस दौरान चन्द्रोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष हुकुम काका को तीर्थ सेनानी सम्मान से दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सम्मानित करते हुए साल श्री फल पीत वस्त्र पगड़ी मालाओं से स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### महिदपुर केन्द्र पर एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नईसराय के शंक्ति केन्द्र महिदपुर पर मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे विधान सभा क्रमाक 33 चंदेरी के प्रभारी अनिल रघुवंशी कुकरेटा द्वारा 2025 कि मतदाता सूची प्रत्येक बूथ पर बनाए गए बीएलओ को आवंटित की गई। जिससे आगामी कार्य करने मे किसी भी प्रकार कि असुविधा न हो वैठक मे पूर्व जिला मंत्री सुनील महिदपुर,दिनेश सींगाखेडी, चंद्रभान सिह, सुनील देरखा, अपेश रघुवंशी, राकेश अजलेश्वर, मनोज जाट तिघरा, रणवीर सिंह सींगाखेडी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिा पछार निवासी कमला बाई अहिरवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीराम यादव ने उससे मारपीट की और शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई।जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैजरा चक्क निवासी मुन्नीबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नवल और जमुनाबाई बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगर निवासी वंशीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रूमाल सिंह और शीला अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### फांसी लगाकर खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी निगम पुत्र हरीराम राठौर उम्र 22 साल ने घर की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ममता पत्नी गणेश यादव उम्र 32 साल निवासी तमरपुरा चंदेरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने बीरन बंजारा निवासी अनंतपुर के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने नरेश बाल्मीक के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने लताबाई सांसी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ही रामसेवक सेन निवासी ग्राम बरौली के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के संबंध में निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका,नगरपरिषद को आधार ई-केवायसी हेतु शेष पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिनकी पेंशन 31 अगस्त 2025 के पश्चात शासन द्वारा होल्ड कर दी गई है, उन पेंशन हितग्राहियों का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। 31 अगस्त के पश्चात 2432 पेंशन हितग्राहियों की पेंशन होल्ड की गई है। जिसमें से आज दिनांक तक आपके द्वारा कुल-430 कुल-पेशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया है।

---

## इस बार किसानों को नहीं मिल रहे पर्याप्त दाम !

# मंडी में 21 हजार बोरी मक्के की आवक मक्का के दामों में 100 रुपए की मंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में इन दिनों मक्का की बंफर आवक हो रही है। वुधवार को नई गल्ला मण्डी में मक्का की आवक 21 हजार बोरी की रही। मण्डी में इन दिनों मक्का की बंफर आवक होने से किसानों को अपनी फसल बेचने का इंतजार करना पड़ रहा है। मण्डी में मक्का की फसल के दामों में 100 रूपए की मंदी रही।

इस बार जिले में मक्का की फसल का रिकार्ड उत्पादन हुआ है। इस उत्पादन में कईं जगह एक बीघा में 10 क्विंटल और कईं स्थानों पर 12 क्विंटल का उत्पादन निकलकर सामने आ रहा है। मण्डी में जो मक्का आ रही है उसमें नमी भी देखने मिल रही है। तो कईं किसानों के यहा निकली हुई मक्का सूखने के लिए पड़ी है ताकि किसानों को मक्का के दाम अच्छे मिल सकें। इन दिनों हर रोज मण्डी में मक्का की आवक बड़ै पैमाने पर हो रही है। जिसकी वजह यह है कि किसानों का रूझान सोयाबीन से हटकर मक्का की तरफ हुआ है। जिसके कारण किसान मण्डी में मक्का की फसल बड़ै पैमाने पर ला रहे हैं।





### मक्का के दाम 1500 से 1675 रुपए प्रति क्विंटल

वुधवार को अशोकनगर गल्ला मण्डी में मक्का की फसल के दाम 1500 से 1675 रूपए प्रति क्विटंल के रहे। गल्ला व्यापारी राजेश पालीवाल ने बताया कि मण्डी में मक्का की आवक लगातार बनी हुई है। वुधवार को मण्डी में कुछ दाम टूटे हैं जिसका असर मक्का की फसल की नीलामी पर देखा गया। जितना माल मण्डी में आ रहा है उतनी ही माल की बाहरी शहरों के लिए निकासी हो रही है। मक्का का उपयोग एनाथॉल बनाने के काम आता है लेकिन किसानों को जो उम्मीद अच्छे दाम मिलने की थी उसकी मांग बाहरी महानगरों से नहीं आ रही है जिसके कारण मक्का के दामों में तेजी नहीं आ रही है। इस बार मक्का पूरे वर्ष भर आने की संभावना है, इससे मण्डी को भी मण्डी शुल्क के रूप में अच्छी आय की संभावना है।

**मण्डी में मक्का के साथ अन्य फसलों का भी आगमन** अशोकनगर गल्ला मण्डी में सोयाबीन की आवक भी 1500 से 2000 बोरी के बीच रही। सोयाबीन के दाम भी 4300 से 4525 के बीच बने हुए हैं। यह दाम भी माल की क्वालिटी के आधार पर किसानों को मिल रहे हैं। हालांकि सोयाबीन के दामों में भी तेजी नहीं है। लेकिन सोयाबीन के नाम पर जो सोया तेल बाजार में बिक रहा है उसके दामों में गिरावट निकल कर सामने नहीं आ रही है। भाव फसल के कम हैं लेकिन तेल के दाम वहीं चल रहे हैं जबकि तेल के दामों में भी कमी आना चाहिए।

### सरसों भी यहां की बनती जा रही है पहचान

मण्डी में नई सरसों की आवक भी बनी हुई है सरसों की आवक 150 बोरी की रही और दाम 6300 से 6450 के बीच में रहे। सरसों की शुरूआत अशोकनगर मण्डी में दीपावली से पहले ही हो गई थी जबसे लगातार मण्डी में सरसों की आवक बनी हुई है। हालांकि दाम भी एक निश्चित माप दण्ड पर चल रहे हैं। सरसों भी यहां की मण्डी में लगातार आ रही है किसानों का रूझान सरसों की फसल को लेकर बड़ा है। इसी तरह मसूर भी मण्डी में 100 बोरी पहुंची और दाम 6000 से 6100 के बीच रहे। इसी तरह अन्य फसलों में गेहूं और चने की आवक भी मण्डी में रही।

---

## तापमान में गिरावट के बाद शिशु रोगी बढ़े

# माताएं जिला अस्पताल में पहुंची बच्चों को ठंड से बचाने दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शीतकाल के इस मौसम में ठण्ड का असर बढ़ता जा रहा है जिसका असर तापमान पर पड़ रहा है 10 डिग्री सेल्सियस तामपान के बीच बच्चों को मौसमी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है उनकी माताएं शिशु रोगियों को लेकर जिला अस्पताल में पहुंच रही हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा उनकी माताओं को सलाह दी गई है कि वह बच्चों को ठण्ड से बचाकर रखें, उन्हें पर्याप्त मात्रा में कपड़े पहनाएं। जिला अस्पताल में बच्चों को लेकर आने वाली इन माताओं को बडी संख्याओं में देखा गया। अधिकांश माताओं का कहना था कि उनके बच्चों को खांसी, जुखाम, उल्टी की शिकायतों के साथ बुखार की शिकायत लेकर पहुंची हैं। जिला अस्पताल में बदलते मौसम के बीच जो शिशु हैं जिन्हे पहली बार ठण्ड के मौसम का सामना करना पड़ रहा है वह शिशु जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल में शिशिओं को ले जाने वाली माताओं की संख्या अधिक है लेकिन उस अनुमात में डॉक्टर नहीं हैं। जिसके कारण एक एक महिला को अपने शिशु को दिखाने के लिए अपनी बारी का इतंजार करना पड रहा है।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष रघुवंशी का कहना है कि बच्चों को पूरे गर्म कपड़े पहनाएं, सिर पर टोपा लगाएं और हाथ पैरों में मौंजे पहनाएं और स्वयं भी ठण्ड से बचाव रखें। अगर घर से बच्चों के साथ बाहर जा रहे हैं तो उन्हें ठण्ड से बचाने हेतु पर्याप्त व्यवस्थाएं रखें। अपने शरीर के तापमान में बच्चों को यात्रा कराएं। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि घर में सोते समय बच्चों को देखते रहें, गीले कपड़े होने पर तुरंत बच्चें के कपड़े बदलें और उसे ढककर ही सुलाएं। जिला अस्पताल के वार्डों में शीतलहर प्रारंभ होने के बाद भी ठण्ड से बचाव के लिए हीटर की व्यवस्था नहीं की गई है।

---

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन किया जाए। उन्होंने गर्भवती माताओं का ए.एन.सी में शत प्रतिशत पंजीयन किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एस.एन.सी.यू में भर्ती बच्चों का फॉलोअप लिया जाए। उन्होंने एन.सी.डी.स्क्रीनिंग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल एवं टीबी परीक्षण का कार्य शिविर लगाकर किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सेम एवं मेम बच्चों को एन.आर.सी भर्ती कराया जाए। इस हेतु महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें।

उन्होंने आयुष्मान योजना के अंतर्गत पेंशन होल्डर्स का डोर टू डोर सर्वे कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करायें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत 25 नवम्बर को जिला चिकित्सालय अशोकनगर, संबंधित सिविल अस्पताल, सामुदायिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सांस अभियान के तहत 05 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को निमोनिया रोग से बचाव हेतु निमोनिया के लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही अभियान के तहत प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों का जबाव समाधानकारक दर्ज कर निराकरण की कार्यवाही की जाए। बैठक में आयुष विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ.भूपेन्द्र शेखावत, समस्त बीएमओ एवं संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### अशोकनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न और आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती स्थानीय इंदिरा पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के राष्ट्रनिर्माण, हरित क्रांति, राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और देश की एकता को मजबूत करने में उनके योगदान को स्मरण किया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व को भारत के आधुनिक विकास का एक महत्वपूर्ण आधार बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक शर्मा 'बड़े भैया', जिला महामंत्री सुधीर शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराना, राजकुमार लोधी, सुनील जैन, शिवाजी सरगैया, नंदराम लोधी, बली सरदार, नसीर खान, मनोज यादव (परवई), राजकुमार यादव (धोरा), अकील खान, हीरालाल, मोतीलाल, मनोज भैया एवं अजब सिंह कुशवाह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## दो वर्ष पहले लटकाया सीएम राइज के नाम का तमगा

# शाउमा विद्यालय बहादुरपुर का तीन बार नाम बदला, नाम के अलावा कुछ भी नहीं बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में मुख्य मार्ग पर करीब दो बीघा जमीन में शासकीय शैक्षणिक परिसर बना हुआ है। जिसमें बालक प्राथमिक विद्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित होते हैं। एक शाला एक परिसर की नीति के तहत इस परिसर में संचालित सभी विद्यालयों को एकीकृत कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम दे दिया गया था। दो वर्ष पहले इसे सीएम राइज स्कूल बना दिया गया, जबकि कुछ महीनों पहले सभी सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलकर सांदीपनी विद्यालय रख दिया गया। इस तरह से इस विद्यालय का अब तक तीन बार नाम बदला जा चुका है, जबकि हकीकत में नाम के अलावा विद्यालय में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं बदला।

इस विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक कुल 1476 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी होने से उपस्थिति भी 90 प्रतिशत से अधिक रहती है। विद्यालय प्रबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करना है क्योंकि यहां केवल 20 कमरे हैं, जिनमें कक्षाएं लगाई जा सकती हैं। प्रबंधन द्वारा काफी गुणा भाग कर तीन पालियों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनमें सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक कक्षा 6, 7 एवं 8, सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कक्षा एक से पांच और कक्षा 10 एवं 12वीं तथा इसके बाद दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कक्षा 11 एवं 12 की कक्षाएं संचालित होती हैं। विद्यालय के प्राचार्य रविशंकर शर्मा बताते हैं कि कक्षा 6,7 एवं 8 में कुल 323 विद्यार्थी हैं। जिनके लिए 6 कमरों में पढ़ाई कराई जाती है। जब यह कमरे खाली हो जाते हैं तो कक्षा 11 एवं 12वी के 336 विद्यार्थियों को बुलाया जाता है। वहीं शेष 817 विद्यार्थियों के लिए सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक 14 कमरों में कक्षाएं संचालित हैं।




### संदीपनी विद्यालय के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया एक वर्ष पहले हुई पूरी

कलेक्टर अशोकनगर द्वारा संदीपनी विद्यालय के नवीन भवन के लिए 4 सितंबर 2024 में बहादुरपुर मौजा की सर्वे नंबर 8/4/2 कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर में से 2.090 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी है। हालांकि यह भूमि सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए के निर्माणाधीन बायपास पर होने के कारण इस भूमि पर अवैध कब्जाधारियों की नजर है। कस्बे के नागरिकों ने मांग की है कि इस भूमि को प्रशासन द्वारा सुरक्षित किया जाकर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।

#### इनका कहना है

इस संबंध में मैं विद्यालय प्राचार्य से प्रतिवेदन मंगाता हूं। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

**चन्द्रशेखर सिसोदिया,** जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर।

---

# मछुआरों के पंजीयन का काम जारी, 2527 का लक्ष्य मिला

## 1010 का पंजीयन हुआ, शेष का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में मछुआरों के पंजीयन अब तक नहीं थे शासन की नई व्यवस्था के अनुसार अब मछुआरों के पंजीयन किए जा रहे हैं। जिले में लगभग 3000 मछुआरें हैं। शासन की ओर से 2527 का लक्ष्य मिला है जिसकी तुलना में अब तक 1010 का पंजीयन हो गया है। शेष के पंजीयन किए जाने की प्रक्रिया जारी है। 31 मार्च 2026 तक यह पंजीयन होगें।

मत्स्य विभाग के निरीक्षक संजय इनामदार ने बताया कि मछुआरों की पहचान और उनकी संख्या को लेकर शासन ने एक पोर्टल विकसित किया है जिसका नाम एनटीडीपी है। जिसमें मछुआरे ऑनलाईन अपना पंजीयन कराते हैं। पंजीयन के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाता है। समस्त प्रकार की योजनाओं के लिए उक्त प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिले में मछुआरों के लिए जो योजनाएं चल रही हैं उसमें प्रधानमंत्री संपदा योजना के अंतर्गत केवटो को भी लाभ प्रदान किया जा रहा है। शासन की झींगा पालन योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को ग्राम के तालाब प्रदान किए जाते हैं। जिले में जितनी भी समितियां हैं उनमें 2 समितियों को विकसित करने के लिए कार्यालय स्टाफ एवं अन्य सुविधाओं के लिए भुगतान स्वीकृत किया गया है। मछुआरों के लिए केसीसी किसान क्रेडिट योजना के तहत भी मछुआरों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। अभी तक 595 प्रकरण भेजे गए हैं जिसमें 25 प्रकरण स्वीकृत हुएं हैं। सहकारी बैंकों में जीरो बेलैंस पर खाते खुलवाए जा रहे हैं। जिले में 40 मछुआ सहकारी समितियां हैं जिसमें से 35 समितियां काम कर रही हैं। जिनमें 4 समितियों के पटटे 30 जून 2026 को समाप्त हो जाएगें।




---

## सड़क सुरक्षा के तहत किया आयोजन

# आमजन में जागरुकता लाने ब्लैक स्पॉट्स पर दिया सीपीआर/बीएलएस प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा वुधवार को जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट मेटो पेट्रोल पंप, ईसागढ़ रोड पर आमजन एवं आसपास के दुकानदारों को सीपीआर/ बीएलएस का प्रशिक्षण दिया गया। इससे पूर्व ब्लैक स्पॉट अनंत कॉलेज, गुना रोड अशोकनगर पर भी स्थानीय लोगों को इसी प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सीय सहायता मिलने से पूर्व मौके पर दी जा सकने वाली प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों को गोल्डन आवर के बारे में बताया गया कि, गंभीर चोट लगने के बाद शुरुआती एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी अवधि में शीघ्र चिकित्सा सहायता मिलने पर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा की सबसे अधिक संभावना रहती है। साथ ही राहवीर योजना के संबंध में बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने हेतु आम नागरिकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है।



दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वाले प्रत्येक राहवीर के लिए सरकार द्वारा 25,000 रूपये तक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सड़क दुर्घटना पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए आगे आने हेतु प्रोत्साहित करना है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा जिले में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट्स पर निरंतर रूप से सीपीआर/बीएलएस प्रशिक्षण की कार्यवाही की जा रही है, ताकि सड़क दुर्घटना के बाद प्रारंभिक क्षणों में ही आमजन प्रभावी रूप से जीवनरक्षक सहायता प्रदान कर सकें।

---

# महाविद्यालय में आईक्यूएसी विशेष व्याख्यान का आयोजन




**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में वुधवार को प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) की शैक्षणिक उत्कृष्टता गतिविधियों के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

कार्यक्रम में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर तथा शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय, मुंगावली के कुल 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ करन सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, मुंगावली द्वारा किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता डॉ. मोक्शी शर्मा, सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र, देव समाज कॉलेज, फिरोजपुर (पंजाब) ने मानव-पशु अंतः क्रिया एवं नैतिकता विषय पर प्रभावशाली व ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका समाधान डॉ. मोक्शी शर्मा द्वारा सरल व वैज्ञानिक रूप से किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने प्राणीशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के इस शैक्षणिक प्रयास की सराहना की तथा विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों से अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

